KIRSHENBAUM & GOSS की लॉ फर्म को आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया है

यह निर्धारित किया गया है कि आप एक सरकारी प्रतिवादी वकील पाने के लिए अर्हतासंपन्न हैं और हमारी लॉ फर्म को आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया गया है। हमारा यह लक्ष्य है कि हम आपको उच्च गुणवत्तायुक्त प्रतिनिधित्व दें और आपको आपके मामले के बारे में जानकारी देते रहें।

हमसे संपर्क करने के लिए

शुरुआती संबंध स्थापित करने के लिए हमारे कार्यालय से कोई अटॉर्नी आपको कॉल करेगा या ईमेल भेजेगा। आप भी हमसे ऊपर दिए गए नंबर या ईमेल पते पर संपर्क कर सकते हैं। अटॉर्नी और मुवक्किल के बीच अच्छे रिश्तों के लिए संपर्क व्यवस्था का बड़ा महत्व है।

मुलाकात

आप अटॉर्नी से मिलने के लिए एक मुलाकात का समय तय कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से मुलाकातें आम तौर पर सोमवार और वृहस्तपतिवार को होती हैं। यदि हमारे कार्यालय तक आने में दिक्कत हो, तो टेलीफोनिक मुलाकात की व्यवस्था भी की जा सकती है। यदि आप मुलाकात के लिए हमारे कार्यालय में आना चाहते हैं और आपको एक दुभाषिए की जरूरत है तो हम आपको वह उपलब्ध करा सकते हैं। यदि आपको वह चाहिए तो इसके लिए आपको कार्यालय में मुलाकात से पहले ही हमें सूचना देनी होगी।

पुलिस रिपोर्टें

हमें आपके मामले के बारे अधिसूचना मिलने के बाद, हम अदालत और अभियोजक के पास एक दस्तावेज फाइल करेंगे जिसे नोटिस ऑफ एपियरेंस (उपस्थिति की सूचना) कहते हैं। यह दस्तावेज अभियोजन पक्ष को इस बात की सूचना देता है हम आपका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और इसके द्वारा उन्हें दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा जाता है। इनमें मुख्य रूप से पुलिस रिपोर्ट होती है, हालांकि वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल हो सकती है। इस सामग्री को प्राप्त करने में दो सप्ताह तक का वक्त लग सकता है और ज्यादातर मामलों में इस सामग्री के प्राप्त करने के बाद ही आपसे मिलना ज्यादा कारगर होता है।

आपके मामले की तैयारी

जब आप अपने अटॉर्नी से मिलें, तो घटना के बारे में अपने विवरण और उन गवाहों (उनसे संपर्क करने के लिए सूचना सहित) की सूची तैयार रखें जिनके पास आपके अनुसार आपके मामले से संबंधित जानकारी है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि आप हमें यह लिखित रूप में दें, लेकिन यदि आप ऐसा कर सकें तो इससे काफी मदद मिलेगी।

हमारे अटॉर्नी आपसे मिलने तथा आपकी कानूनी जरूरतों को पूरा करने का इंतजार कर रहे हैं।

KIRSHENBAUM & GOSS P.S.